# कुमार जीवन - 65

**अव्यक्त बापदादा :-**

➽ _ ➽ **कुमारों से**:- कमाल करने वाले कुमार हो ना? क्या कमाल दिखाएंगे? सदा बाप को प्रत्यक्ष करने का उमंग तो रहता ही है लेकिन उसकी विधि क्या है? आजकल तो यूथ के तरफ सबकी नजर है।

➽ _ ➽ रूहानी यूथ **अपने मन्सा शक्ति से, बोल से, चलन से ऐसे शान्ति की शक्ति अनुभव करायें जो वह समझें कि यह शान्ति की शक्ति से क्रांति करने वाले हैं।** जैसे जिस्मानी यूथ की चलन और चेहरे से जोश दिखाई देता है ना। देखकर ही पता चलता है कि यह यूथ हैं। **ऐसे आपके चेहरे और चलन से शान्ति की अनुभूति हो**-इसको कहते हैं कमाल करना। हर एक की वृत्ति से वायब्रेशन आए। जैसे उन्हों के चलन से, चेहरे से वायब्रेशन आता है कि यह हिंसक वृत्ति वाले हैं, ऐसे आपके वायब्रेशन से शान्ति की किरणें अनुभव हों। ऐसी कमाल करके दिखाओ। कोई भी क्रांति का कार्य करता है तो सबका अटेन्शन जाता है ना। ऐसे आप लोगों के ऊपर सबका अटेन्शन जाए-ऐसी विशाल सेवा करो।

➽ _ ➽ क्योंकि **ज्ञान सुनाने से अच्छा तो लगता है लेकिन परिवर्तन अनुभव को देखकर अनुभवी बनते हैं।** ऐसी कोई न्यारी बात करके दिखाओ। वाणी से तो माताएं भी सेवाएं करती हैं, निमित्त बहनें भी सेवा करती हैं लेकिन आप नवीनता करके दिखाओ जो गवर्मेन्ट का भी अटेन्शन जाए। **जैसे सूर्य उदय होता है तो स्वत: ही अटेन्शन जाता है ना - रोशनी आ रही है! ऐसे आपके तरफ अटेन्शन जाए।** समझा? (14-01-1988)

---

➢➢ अज्ञान की निंद्रा

➽ _ ➽ जब व्यक्ति जागता है

→ तब उसे पता चलता है की

- वह स्वपन देख रहा था

➽ _ ➽ जब व्यक्ति को ज्ञान प्राप्त होता है

→ तब उसे पता चलता है की

- वह अज्ञान के अन्धकार में डूबा हुआ था

➽ _ ➽ जो व्यक्ति हमें जगाता है / Correction देता है

→ सबसे पहले हम उसी को गुस्सा होते हैं

- क्योंकि व्यक्ति को स्वप्नों की दुनिया से बहुत प्यार है

---

➢➢ आत्मा का मूल स्वभाव - शांति

➽ _ ➽ अगर कोई हमें कहे की 24 घंटे गुस्सा करो

→ तो हम नहीं कर सकते

- हम बहुत जल्दी गुस्सा कर कर के थक जायेंगे

➳ _ ➳ अगर कोई हमें कहे की 24 घंटे शांति में रहो

→ तो हम रह सकते हैं

- जैसे जैसे समय बीतता जाएगा , हम और ज्यादा पावरफुल होते जायेंगे